पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने जनपद सहारनपुर में 325 आंगनवाडी केन्द्रों को सुविधा संपन्न बाने हेतु किट वितरित की।

लखनऊ: 22 फरवरी, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने एक दिवसीय सहारनपुर जनपद भ्रमण के दौरान विविध कार्यक्रमों के क्रम में रेन्बो पब्लिक स्कूल में आयोजित आंगनबाडी केन्द्रों को किट वितरण समारोह में भाग लिया। समारोह में राजयपाल जी ने 325 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर प्री स्कूल किट सामग्री वितरित की गयी। किट में ट्राई साइकिल, झूले वाले घोडे, नम्बर्स, एबीसीडी, फल, एनिमल्स, ब्लॉक्स, पजल्स, बॉल, क्ले, रिंग्स, स्टोरी बुक्स, एजुकेशनल मैप, व्हाइट बोर्ड, मार्कर एवं डस्टर, कुर्सी, मेज आदि शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल जी ने किट देने में सहयोग देने वाले विभिन्न विद्यालयों, संगठनों, एसोसिएशन व स्वयं सहायता सेवी संस्थाओं का धन्यवाद किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि इस किट में उपलब्ध साधनों का उपयोग बेहतर ढंग से किया जाए ताकि बच्चों में कौशल विकास के साथ सृजनात्मकता आ सके।

राज्यपाल जी ने आंगनवाडी कार्यकत्रियां को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को संभालना एक कठिन कार्य होता है जिसके भली प्रकार से निर्वहन के लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्री बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में महिला एवं बाल कल्याण विभाग में कार्य से प्राप्त अनुभवों से काफी कुछ सीखने को मिला। इस दौरान कार्य करते हुए वहां की सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को समाज के सहयोग से सुविधायुक्त बनाया। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से इस पुण्य कार्य में बढ-चढ कर हिस्सेदारी करने को कहा। इसके साथ ही यह भी कहा कि समाज बहुत से लोग सेवा करना चाहते है किन्तु जानकारी के अभाव में वह सेवा करने से वंचित रह जाते है। ऐसे समाजसेवियों को प्रोत्साहित करने का सभी का दायित्व है। राज्यपाल जी ने कहा कि आज आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नई पहचान के साथ ही सम्मान मिला है। उन्होने कहा कि जो आंगनवाड़ी कार्यकत्री बेहतर कार्य कर रही है उनको सम्मानित किया जाए।

कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने स्टालों के निरीक्षण करते हुए बीसी सखियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता होती है कि आज विभिन्न क्षेत्रों में लड़कियां प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होने सूत्र वाक्य देते हुए कहा कि शिक्षित होने पर समृद्धि आएगी। उन्होंने कमजोर बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए कहा।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संपर्क:
डा0 सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक, राजभवन
मोबाइल: 8318116361